फ़ा.सं: एन-1302/6/2020-एनआई
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार, इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्वायत्त निकाय, स्वामी विवेकानन्द पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एसवीएनआईआरटीएआर), कटक में निदेशक के पद के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है:-

1. पद का नाम :निदेशक, एसवीएनआईआरटीएआर, कटक
2. भर्ती की विधि :प्रतिनियुक्ति / अल्पकालिक अनुबंध पर
3. रिक्ति की संख्या :01 (एक)
4. वेतनमान :वेतन मैट्रिक्स में लेवल
   लेवल 13 (123100-215900 रुपए)
5. आयु सीमा : अधिकतम आयु सीमा, आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक न हो
6. पात्रता मानदंड :

**<u>प्रतिनियुक्ति के लिए:-</u>**

**(क)** केंद्र/ राज्य सरकार/ विश्वविद्यालयों/ मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त / सांविधिक संगठन के अंतर्गत आने वाले अधिकारी,

(i) शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में नियमित आधार पर धारित समकक्ष पद,

**अथवा**

(ii) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 12 में धारित पद और साथ में शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में पांच वर्ष की नियमित सेवा

**अथवा**

(iii) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 11 में धारित पद और साथ में शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में आठ वर्ष की नियमित सेवा

**<u>और</u>**

निम्नलिखित योग्यता रखते हों:-

**(ख) अनिवार्य योग्यता और आवश्यकताएं:-**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से 55% अंकों के साथ स्नाकोत्तर डिग्री या समकक्ष, यदि ऐसे अंक या ग्रेड प्रदत्त किए जाते हैं।

i. भौतिक आयुर्विज्ञान और पुनर्वास (पीएमआर)

ii. ऑर्थोपीडिक्स

iii. बायो-मेडिकल इंजीनियरिंग

iv. प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (पी एण्ड ओ)

v. ऑक्यूपेशनल थेरेपी (ओटी)

vi. फिजियोथेरेपी (पीटी)

**(ग) वांछनीय योग्यताएं/ आवश्यकताएं:-**

(i) संबंधित क्षेत्र में पी.एच.डी.

(ii) पुनर्वास कार्य के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रकाशित शोध पत्रों का अनुभव ।

**<u>अल्पकालिक अनुबंध के लिए:-</u>** प्रतिनियुक्ति के लिए और ऊपर (ख) और (ग) के अंतर्गत यथा निर्धारित अनिवार्य और वांछनीय अहर्ताएं और अनुभव के साथ शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में 10 वर्ष का कार्य अनुभव अपेक्षित होगा।

**सामान्य शर्तें:**

1. प्रतिनियुक्ति, समय-समय पर यथा संशोधित प्रतिनियुक्ति के नियमों के अनुसार शासित होगी।
2. नियुक्ति को शुरू में 2 साल की अवधि के लिए और वार्षिक आधार पर प्रदर्शन की समीक्षा के बाद 5 साल तक बढ़ाया जाएगा।
3. अपेक्षित दस्तावेजों के बिना प्राप्त या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस पर ध्यान दिया जाए कि योग्य उम्मीदवार से, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से पहले प्राप्त आवेदन की अग्रिम प्रति पर विचार किया जाएगा बशर्ते कि आवश्यक दस्तावेजों के साथ चयन के लिए साक्षात्कार से पहले आवेदन विधिवत अग्रेषित किया गया हो तथापि, एक बार संबंधित संगठन द्वारा एक आवेदन के अग्रषित होने के बाद, उसे वापस नहीं लेने दिया जाएगा।
4. आवेदन अग्रेषित करते समय विभाग/ संगठन कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि पद के लिए स्वेच्छापूर्ण काम करने वाले अधिकारियों को उनके चयन होने के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. केवल छांटे गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। सक्षम प्राधिकरण, हालांकि,बिना कोई कारण बताए रिक्ति को रद्द करने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

6. निर्धारित प्रारूप में सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन, प्रशंसा पत्र/ प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ और पिछले पांच वर्षों के एसीआर/ एपीएआर, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र एवं सतर्कता अनापत्ति सहित उचित माध्यम से (जहां भी लागू हो) डॉ. प्रबोध सेठ, संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और अध्यक्ष, कार्यकारी परिषद, एसवीएनआईआरटीएआर, कमरा नंबर 528, 5 वां तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 तक रोजगार समाचार / एंप्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए। ।

(नवीन कुमार)
अवर सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

## निदेशक, एसवीएनआईआरटीएआर, कटक के पद के लिए आवेदन प्रपत्र

पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करें

**प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर पद के लिए आवदेन किया है ..............................**

1. नाम और पता (बडे अक्षर में):
   टेलीफोन/ मोबाइल नंबर के साथ
2. पिता का नाम:
3. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में ):
4. सेवानिवृत्ति की तारीख (जहां लागू हो)
5. (क) अनिवार्य शैक्षिक योग्यता:

| शैक्षणिक योग्यता जो रखते हैं | बोर्ड / विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | % / समतुल्य ग्रेड | अवधि | मुख्य विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

(ख) वांछनीय शैक्षिक योग्यता और अनुभव

i. शैक्षिक योग्यता:
ii. अनुभव:
iii. प्रकाशित शोध पत्र:

6. रोजगार के विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में नवीनतम से शुरू करते हुए। यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है, तो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग पेपर संलग्न करें।

| संगठन | धारित पद/पदनाम | इस तिथि से | इस तिथि तक | वेतनमान /परिलब्धियां | ड्यूटी की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

7. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायी या कोई अन्य…………………………………………………………………………………………………………………

8. अब प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां…………………………………………………………………………………………………

9. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण। कृपया बताएं कि क्या निम्नलिखित के तहत काम कर रहें हैं (संगत कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं) –

   (क) केंद्रीय सरकार
   (ख) राज्य सरकार
   (ग) स्वायत्त संगठन
   (घ) सरकारी उपक्रम
   (ङ ) विश्वविद्यालय
   (च) अन्य

10. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति / अनुबंध के आधार पर धारण की है, तो कृपया स्पष्ट करें -

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख ……………………………………………………………

(ख) प्रतिनियुक्ति / अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि ……………………………………….

(ग) उस मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं ……………………

11. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन मेंउल्लेख करना चाहेंगे ……………………………………………………………

12. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप इस पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं: हां/नहीं……………….

13. क्या अनु.जा./ अनु. जन.जा./अ.पि.व./ दिव्यांगजन वर्ग से हैं………………………………………………

मैंने रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन ध्यान से पढ़ लिया है और मैं वचन देता हूं कि ऊपर दी गई जानकारी/ विवरण मेरे ज्ञान में पूरी तरह से सही है।

तिथि…………………..

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पता…………………………………..

…………………………………………………..

## नियोक्ता / अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाएगा

यह प्रमाणित किया जाता है कि वर्ष__________से______________________________रूप में वर्तमान में इस विभाग / संगठन के साथ काम कर रहे श्री/श्रीमती/कुमारी______________________________________________के विरूद्ध कोई सतर्कता/ अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है।

2. प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

3. पिछले 10 वर्षों के दौरान श्री/ श्रीमती/ कुमारी______________________________ पर कोई छोटी या बड़ी शास्ति नहीं लगायी गई थी। लगाई गई शास्ति का विवरण (यदि कोई हो) ______________________

4. पिछले 5 वर्षों की एसीआर / एपीएआर की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न हैं।

स्थान:

तारीख: (मुहर सहित नियोक्ता का हस्ताक्षर)